दैनिक प्रातःकालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 163 मुरादाबाद, 02 October 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में


## संक्षिप्त समाचार

### रामपुर में बड़ा हादसा: किसान के भूसाघर की कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से तीन बच्चों ने दम तोड़ा, दो जख्मी

रामपुर में कच्ची दीवार गिरने से उसके मलबे में पांच बच्चे दब गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पांचों को बाहर निकला। इस बीच तीन की मौत हो चुकी थी। प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है। रामपुर जिले के ग्राम सनकरी निवासी किसान आले हसन के भूसाघर की कच्ची दीवार रविवार की दोपहर को अचानक भर-भराकर गिर गई। इसके मलबे में दबकर गली में खेल रहे इनायत (5) पुत्री जब्बार, अल्तमस (3) पुत्र सद्दाम निवासी ग्राम सनकरी तथा अलीम (3) पुत्र शन्नू निवासी ग्राम उदयपुर मिलक की मौके पर ही मौत हो गई। शारिक (5) पुत्र सत्तार और छोटे की तीन वर्षीय पुत्री अनम गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पांचों बच्चे घर के पास ही खेल रहे थे। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने मलबा हटाकर पांचों को बाहर निकाला। इसमें से दो को अस्पताल भेजा। सूचना पर भोट पुलिस और बिलासपुर तहसीलदार निश्चय कुमार पहुंचे। तहसीलदार ने बताया सूचना अधिकारियों को भी दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि भूसाघर की दीवार कच्ची थी। संभावना है कि बारिश होने की वजह से और कमजोर हो गई होगी। इसके चलते यह हादसा हुआ है। टाटा मैजिक चालक ने बाइक सवारों को रौंदा, बुजुर्ग की मौत-संभल में फिरोजपुर पुल के नजदीक बाइक सवारों को टाटा मैजिक चालक ने टक्कर मार दी।

## PM मोदी ने रखी 13,500 करोड़ की परियोजनाओं की नींव, हैदराबाद-रायचूर के बीच रेल सेवा की शुरू

पीएम मोदी ने आज तेलंगाना में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें कई सड़क, रेल, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस संबंधी परियोजनाएं हैं। पीएम मोदी राज्य को 13,500 करोड़ रुपये की सौगात दी। पीएम मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में 13500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हैदराबाद-रायचूर के बीच ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। सीएम के चंद्रशेखर राव पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। सीएम केसीआर की जगह उनकी सरकार के मंत्री तालासानी श्रीनिवास यादव ने पीएम मोदी का स्वागत करेंगे और उनके आधिकारिक कार्यक्रम में शिरकत की। प्रधानमंत्री ने कई सड़क, रेल, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस संबंधी परियोजनाओं की सौगात तेलंगाना को दी।

### पीएम मोदी ने बीआरएस पर बोला था हमला

पीएम मोदी दोपहर करीब सवा दो बजे तेलंगाना को महबूबनगर जिले पहुंचे। जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हैदराबाद-रायचूर-हैदराबाद रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेलंगाना की सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि तेलंगाना के लोग बीआरएस के कमजोर शासन से थक चुके हैं। साथ ही कांग्रेस को लेकर भी उनका भरोसा खत्म हो चुका है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि दोनों वंशवादी पार्टियां हैं, जिनका लक्ष्य जनता की सेवा करना नहीं है।

### पीएम मोदी ने अंकित बैयनपुरिया के साथ किया श्रमदान, बताया दो चीजों को नहीं कर पा रहे पालन



### तीन अक्तूबर को फिर तेलंगाना का दौरा करेंगे पीएम मोदी

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी तीन अक्तूबर को फिर से तेलंगाना के दौरे पर रहेंगे। तीन अक्तूबर को पीएम मोदी निजामाबाद का दौरा करेंगे। पीएम मोदी कर्नाटक के बीदर से निजामाबाद पहुंचेंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री फिर से हेलीकॉप्टर से बीदर जाएंगे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम मोदी महबूबनगर और निजामाबाद दोनों ही जगह लोगों को संबोधित भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने इसकी पुष्टि की। तेलंगाना में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में पीएम मोदी के तेलंगाना दौरों का काफी राजनीतिक महत्व भी है। पीएम मोदी ने अंकित बैयनपुरिया के साथ साफ-सफाई की। इस दौरान दोनों ने %फिटनेस स्वच्छता के साथ किस तरह से जुड़ी है% इस पर बात की। अंकित ने पीएम को बताया कि पहले से ज्यादा अब लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। उनके साथ अंकित बैयनपुरिया ने भी साफ-सफाई की। इसका एक वीडियो पीएम ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। पीएम ने कहा, 'आज, जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया! स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल किया है। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए है।' वीडियो में पीएम मोदी को अंकित बैयनपुरिया के साथ बात करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पूछा कि आप फिटनेस के लिए इतनी मेहनत करते हैं, इसमें स्वच्छता अभियान कैसे मदद करेगा? इस पर अंकित ने कहा कि वातावरण को स्वस्थ्य रखना भी हमारा कर्तव्य है, वो स्वस्थ है तभी हम स्वस्थ हैं। पीएम ने आगे सवाल किया कि सोनीपत के लोगों में स्वच्छता के प्रति कैसा विश्वास है? तो बैयनपुरिया ने कहा कि पहले से ज्यादा अब लोग स्वच्छता के प्रति जोर दे रहे हैं। उन्होंने आगे पूछा कि फिजिकल एक्टिविटी के लिए कितना समय देते हैं? इस पर अंकित ने कहा, 'मैं चार से पांच घंटे प्रतिदिन एक्सरसाइज करता हूं। मुझे देखकर लोग प्रोत्साहित होते हैं कि आप कैसे इतने समय तक अभ्यास कर लेते हो, तो यह सुनकर अच्छा लगता है।' इस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा, 'मैं ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता, जितना रोजमर्रा के लिए चाहिए होता है।' पीएम ने आगे कहा, 'मैं अनुशासन का पालन करता हूं। हालांकि, आजकल मैं दो बातों का ध्यान नहीं रख पा रहा हूं, एक खाना और दूसरा सोना। जितना मुझे सोना चाहिए, मैं उतना समय अपनी नींद को नहीं दे पा रहा हूं।' इस पर अंकित बोले कि हां, देश को सुलाने के लिए आपको जागना पड़ता है।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया श्रमदान, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नैमिषारण्य में श्रमदान कर स्वच्छता के लिए संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान से लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरुकता आई है। स्वच्छ भारत अभियान अब जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि जिस तीर्थ की महिमा का रामचरित मानस जैसे पौराणिक ग्रन्थ में उल्लेख किया गया है। वहां, प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से स्वच्छांजलि देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ऋषि मुनियों ने आध्यात्मिक साधना से ये धरोहर दी है। इस पौराणिक तीर्थ में चक्रतीर्थ व मां ललिता देवी के दर्शन किए। यह महर्षि दधीचि के त्याग व बलिदान की धरती है। आज नैमिष तीर्थ चमक रहा है। हमें इसे साफ करना चाहिए। ये हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जबसे स्वच्छ भारत अभियान को प्रधानमंत्री मोदी ने जनांदोलन बनाया तबसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू व काला जार सभी बीमारियां समाप्ति की ओर जा रही हैं।मुख्यमंत्री योग ने कहा कि हमें तीर्थ स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रतिदिन एक घंटा स्वच्छता के लिए अवश्य दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को सम्मान मिलना चाहिए। हमारी सरकार सफाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन की गारंटी देगी। इसके लिए हमने एक कमेटी गठित की है। जो इस काम को देखेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नैमिषारण्य में संतों से चर्चा की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नैमिषारण्य में एक जनसभा को संबोधित किया और 550 करोड़ की योजनाओं की सौगात जिले को दी



### दोबारा सक्रिय करें एंटी रोमियो स्क्वाड, अभियान चलाकर कार्रवाई करें, सीएम योगी ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की और अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर की घटना से पुलिस अधिकारी सबक लें और दोबारा ऐसी घटना न हो इसको लेकर अलर्ट रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अधिकारियों को जिला स्तर से लेकर जोन स्तर पर समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर की घटना से पुलिस अधिकारी सबक लें और दोबारा ऐसी घटना न हो इसको लेकर अलर्ट रहें। पूरे प्रदेश में शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो स्क्वाड को एक्टिव किया जाए और अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए।उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अपराधिक घटनाओं से लेकर पेंडिंग मामलों पर चर्चा हो और लापरवाही करने वालों पर एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि हर घटना एक सबक होती है, इससे फील्ड में तैनात अधिकारी सीख लें और एक्टिव रहें ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं प्रदेश में न हों और समय रहते उनको रोका जा सके। इस दौरान शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो अभियान चलाने के निर्देश दिये। वहीं सीएम ने प्रदेश में जिला स्तर पर साइबर क्राइम थाना और थाना स्तर पर साइबर सेल का गठन करने के भी निर्देश दिये।

### एसपी, एसएसपी और कमिश्नर थाने की करें साप्ताहिक समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, शिकायती पत्रों के शत-प्रतिशत निस्तारण, चार्ज शीट और पेंडिंग मामलों के तेजी से निस्तारण को लेकर जिले के एसएसपी/एसपी को हर थाने की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिये। इसी तरह एडीजी आईजी रेंज की पाक्षिक और डीजीपी एडीजी जोन की मासिक समीक्षा बैठक करें। जिला मॉनिटरिंग कमेटी (डीएम, एसपी/एसएसपी कमिश्नर, जिला जज) की बैठक निरंतर होती रहे ताकि समय से चार्जशीट दाखिल होती रहे। इसमें पॉक्सो और महिला अपराध पर खास फोकस रखा जाए। वहीं लव जिहाद के मामलों में नये कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

## विदेश दौरों को लेकर आदित्य ठाकरे ने शिंदे सरकार पर साधा निशाना; भाजपा ने किया पलटवार

आदित्य ठाकरे ने कहा कि विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरहे के नेतृत्व में 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में अध्ययन यात्रा पर गया। इस दौरे के दौरान क्या अध्ययन किया गया? किसान यहां बदहाली में हैं और इस तरह से पैसा लूटा जा रहा है।शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने करदाताओं के पैसे पर विदेश यात्रा की योजना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी पूछा कि ब्रिटेन के एक संग्रहालय से महाराष्ट्र लाया जा रहा वाघ नख (बाघ के पंजे के आकार का हथियार) क्या यहां स्थायी रूप से रहेगा या यह भी कर्ज पर रहेगा और क्या यह




छत्रपति शिवाजी महाराज का है या महान योद्धा राजा के युग का है। राज्य के संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और उनके विभाग के अधिकारी इस प्रतिष्ठित हथियार को वापस लाने के लिए तीन अक्तूबर को ब्रिटेन जाने वाले हैं। आदित्य ठाकरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विदेश दौरों को लेकर शिंदे सरकार की आलोचना करते हुए पूछा कि उद्योग मंत्री उदय सामंत विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) से चार महीने पहले दावोस क्यों जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरहे के नेतृत्व में 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में अध्ययन यात्रा पर गया। उन्होंने कहा, इस दौरे के दौरान क्या अध्ययन किया गया? किसान यहां बदहाली में हैं और इस तरह से पैसा लूटा जा रहा है। ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे और विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विदेश जाने की योजना तब रद्द कर दी जब उन्होंने ऐसी यात्राओं की निरर्थकता के बारे में सही सवाल उठाए। शिंदे ने ब्रिटेन और जर्मनी की अपनी यात्रा रद्द कर दी थी, जबकि नार्वेकर घाना जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने वाले थे। कार के आधिकारिक दौरे के रूप में छुट्टियां मनाने के लिए जर्मनी और ब्रिटेन जाना था, जहां बड़ी संख्या में लोगों को प्रतिनिधिमंडल के रूप में दिखाया गया था। आदित्य ठाकरे ने दावा किया कि उनके सोशल मीडिया पोस्ट के 30 मिनट के भीतर ही यात्रा रद्द कर दी गई क्योंकि उन्होंने आने वाले निवेश और कवर किए गए स्थानों के बारे में विवरण मांगा था। उन्होंने कहा, विदेश यात्राओं की योजना बिना किसी ठोस एजेंडे के बनाई जा रही है। यदि आप छुट्टी पर जाना चाहते हैं, तो अपने पैसे पर जाएं। आप करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं? सही सवाल पूछने के बाद महाराष्ट्र के अवैध मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को अपनी यात्राएं रद्द करनी पड़ीं।

## मायावती बोलीं: एनडीए और I.N.D.I.A गठबंधन से दूरी बनाए रखेगी बसपा, अकेले लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

बसपा अध्यक्ष मायावती ने रविवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि पार्टी खुद को मजबूत कर 2024 का चुनाव अकेले लड़ेगी।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बसपा एनडीए और I.N.D.I. गठबंधन से दूरी बनाकर रखेगी। पूर्व की तरह पार्टी अपने बलबूते खुद को मजबूत कर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। रविवार को बसपा प्रदेश कार्यालय में यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस संबंध में फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार लगातार जारी है।बसपा विरोधी तत्व राजनीतिक साजिश के तहत बीच-बीच में इस प्रकार का दुष्प्रचार कर रहे हैं, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। वहीं लोगों की ज्वलन्त समस्याएं जैसे विचलित करने वाली महंगाई, अति गरीबी, बेरोजगारी, आय में कमी, बदहाल सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था आदि लोगों के दिल-दिमाग पर हावी है। यह कितना गंभीर चुनावी मुद्दा बन पाएगा, यह अभी कहना मुश्किल है। उन्होंने तंज कसा कि जनहित एवं जनकल्याण के मामलों में भाजपा व कांग्रेस का रवैया जनविरोधी ही रहा है




### आरक्षण को बना रहे निष्क्रिय

उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक एससी, एसटी व ओबीसी समाज के लोगों को सामाजिक एवं आर्थिक शोषण व अन्याय से बचाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गयी थी, जिसको निष्क्रिय बनाने का प्रयास हर स्तर पर लगातार जारी है। जिसके विरुद्ध संघर्ष जारी रखना है।

### बिना दोषी साबित हुए कार्रवाई

बैठक में गंभीर हालातों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दोष सिद्धि से पहले ही बुलडोजर चलाकर किसी व्यक्ति के पूरे परिवार को दंडित किया जा रहा है, तो किसी को सजा मिलने से पहले ही उसके शिक्षण संस्थाओं तथा अस्पतालों को बंद किया जा रहा है। यह घोर जनविरोधी कदम है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। सरकार की ऐसी कार्रवाई जनता की नजर में द्वेषपूर्ण व पूरी तरह से गैर जरूरी है।

## संपादकीय Editorial

### Question of conversion!

The light that Rishi Dayanand had lit with the aim of reestablishing the true Sanatan Vedic religion, strengthening Indian culture and values and directly attacking the hypocrisies and superstitions prevalent in the society, is still burning bright. In Muzaffarnagar, Acharya Gurudutt Arya is busy in spreading the light of Vedas from village to village, from house to house, through Vedic Sanskar Chetna Abhiyan and through Swami Yashpal Yoga Sadhana Ashram (Baghra). For more than a decade, Swami Yashpal has been running a great yagya to bring the Hindu followers back to the Vedic religion. Recently, on 23 September 2023, Swami ji accepted about 70 men, women and children from 10 families into the true Sanatan Hindu religion, who were earlier Hindus but had converted to Islam under the influence of maulvis. All these Hindus were people of Jogi caste. Swami Yashpal and his associate Aryajan have so far helped several hundred people return home. History is witness to the fact that the Shakas, Huns, Tatars, Mongolians, Portuguese etc. who attacked India caused tremendous damage to the ancient Indian culture, but the Muslim invaders caused the greatest damage to the Indian culture, symbols and traditions. There is evidence that Muslim attackers massacred crores of Hindus who did not accept Islam and forcibly converted crores of people. Akbar, who is called generous and great, was also not behind in converting people. The most cruel ruler in killing Hindus and carrying out mass Islamization was Aurangzeb, who brutally killed Sikh religious leaders, princes and followers of the Sikh sect who did not accept Islam. Guru Gobind Singh Saheb has completely exposed Aurangzeb in 'Zafarnama'. Today, those who cheer for tyrants like Aurangzeb and Tipu Sultan openly declare to erase Sanatan Dharma, Hindus and the memory of Ram-Krishna. They go to Aurangabad and offer flowers on the grave of Aurangzeb who had vowed to make India Darul Islam. Modern followers of Aurangzeb, Tipu Sultan, Taimurlang, Babar etc. today say that Islam converted Hindus into Muslims on the strength of love and peace, which is completely untrue. Those Hindus who were forcibly converted to Islam, Hindu rulers or Hindu fighters either tried to convert them back into the Hindu religion or they took up swords against the Muslim rulers. Between 1665-70, Chhatrapati Shivaji launched a campaign of purification of Hindus. In the beginning of the 19th century, Shankaracharya Nityanand Saraswati launched a campaign of purification of Hindus in Basai (South India). Ziauddin Barani has written – Sukhro Khan became a Hindu again. He stopped cow slaughter and started worshiping in temples. King Bhimdev again initiated the Hindus into Hindu religion who were forcibly converted to Islam by Mahmud Ghaznavi. There is a description of Swami Vidyananda re-making Hindus through a huge yagya and there is mention of making Vijayanagar a Hindu state again. Sultan Ghiyasuddin of Kashmir was earlier a Hindu, by awakening faith in Hindu religion he converted thousands of people into Hindus again. In the 14th century, Swami Nirmalkanth formed the Shudhikaran Parishad. In the 17th century, Sanyasi Kalyan Bharti in Kiratpur (Punjab), who had converted to Muslim, then converted to Hindu. In the 16th century, the Maharawal of Jaisalmer had thousands of Hindus return home in a huge yagya. In 1908, thousands of people in Deeng, Rajasthan became Hindus again. In 1922, in the meeting of Kshatriya Utthan Samaj of Rajputs in Allahabad, the Rajputs who had left their religion were called upon to return to Hinduism. Thus, the issue of Hindus returning home is not new. In the modern era, Swami Dayanand Saraswati.

# BJP governments should make 'jawan' tax free - Dr. Uday Narkar

Shahrukh Khan's 'Jawaan' has done an unexpected feat and that is, the RSS devotees claiming monopoly on nationalism have been silenced by this film. After making films like Kashmir Files, Kerala Story which gave the message of protest against a specific religion, the morale of these people was sky high. They started believing that Indian nationalism dances to their tune. In a very systematic manner, he made Indian nationalism divisive. Since Shahrukh Khan was a Muslim, some people were trying to label him a traitor. BJP politics used the repressive system of the country to trap and torture his son. The dialogue in the film 'Jawaan', 'Talk to the father before touching the son' challenges that oppression. Of course, since this is a Bollywood affair, care has also been taken to keep it within the scope of entertainment. It is well known that Hindi films are a spicy recipe of realism, escapism, ruling ideology and the need for egalitarian social change. But in the era of 'corporate supremacy-Manuvad' its egalitarian content disappeared. Hindi cinema has been praising nationalism as well as criticizing it. After independence, the structure of socialist consciousness would not be broken, films were made within this limit. The films also continued to show that the nationalism shown in films is not the solution to the social justice problems of our country. Even at that time, a section was saying that 'Pather Panchali' defames India. At the same time, questions like 'what if this world is found?' were also raised in the films. Many changes took place after the 1950-60s. Especially the upper caste supremacy prevailing in North India started sidelining the egalitarian values. The corporate, its money and its class attitudes came to dominate cinema. The films of RSS people and their supporters started trying to exclude social equality and justice from the debate. In such an environment, the film 'Jawaan' left him confused in its special style. Talking about violence shown in films, today it is becoming rare to make modern films without strong action and bloodshed. Furthermore, video games are now normalizing digital violence in a more visible form. Cinema lovers are fast becoming addicted to them. 'Jawaan' is full of such fake violence. But its exaggeration and fakeness of violence is even more shocking. The audience is used to seeing such action-packed violence in films. Although Jawan is a typical action film, what makes it special is the frame in which it is made. What is the story of the film? Not only farmers committing suicide due to debt, loans given to farmers at low interest rates and high interest rates to corporate companies, air pollution and indiscriminate exploitation of nature but also the health system which seems to be collapsing, 'Jawan' made it the subject of his film. Is. There is another difference in 'Jawaan': its villain is not a criminal standing on the periphery of capitalism, but he is at the center of capitalism. The hero of Modi's new India is actually a villain whose only business is to make money from all kinds of natural resources by trampling all democratic processes. In today's era, some right-wingers have started giving the message through cinema that only nationalism can become the solution and alternative option to India's socio-economic and political issues. Some films propagated BJP-inspired nationalism. The BJP and its supporters, in turn, promoted those films heavily and made them tax free because such a version of nationalism suited their political ideology. At such a time, Anubhav Sinha's 'Mulk' was such an important film in which it was said that Indian Muslims also have equal rights on India. Anubhav Sinha made it clear, yes this is his patriotism and nationalism. In fact, Indian nationalism permeates the very fabric of Indian cinema. He has been expressing every phase of nation building. It has shown its strengths and weaknesses. Whether they were explicitly aware of its inherent contradiction or not, in one respect this nationalism was unambiguous. O that this nationalism cannot survive unless it is inclusive. He has been insisting that the nationalism that binds Amar Akbar Anthony together is the real Indian nationalism. Very few superstars in Bollywood have done films based on as many issues as 'Muslim' Shahrukh Khan. Shahrukh Khan is the superhero of the star era. There had to be a mix of their on-screen and real life. It is an integral part of the hugely expensive film industry. Still, Shahrukh has been stamping his Indianness through his films. Take 'Phir Bhi Dil Hai Hindustani', take 'Swadesh' or take 'Chak De India'. This underlines the need for creativity among Indian nationalists. Self-proclaimed upper caste Indians, full of false patriotism, go to America and perform Satyanarayana rituals to show their Indian identity, while the hero of the film 'Swades' leaves a high-paid job at NASA in America and joins the problems of India to become a resident here. goes. His star, this star, that star, every star. This is beyond the minds of those who always boast of being world leaders. Kabir Khan of 'Chak De India' is giving the message that women should also hoist the tricolor flag.Has the right to. Kabir Khan reminds us that the Indianness of 'Chak De India' is not limited to the banks of the Ganga, it is a team made up of all the states. India's team cannot be formed without these states, that is why India is a federal state. Releasing a movie with the name 'Pathan' in Modi's state is a nationalist act in itself. If space is not kept for all-inclusive nationalism, then Muslim Indians will have to repeat again and again that they are patriots. Using the prevailing norms of nationalism and patriotism in the current situation, Shahrukh made a nationalist 'Pathan' film parallel to Hindu nationalism. The nationalism of the 'young' is more intense and therefore more genuine. The hero of this film does not fight with any stranger, he fights against the exploitation of farmers. He fights for the education and health of the common people. Apart from this, it also fights environmental damage and pollution due to which people have to breathe poisonous air. This is nationalism which is consistent with social reality. This is a nationalism that inspires honest introspection. On the other hand, this nationalism questions our democratic status and emphasizes that democracy should be based on accountability. The suicide of a farmer is the starting point of this story. The second point of departure is the common people, who break the dam in the hospital due to lack of oxygen. To intrude. The third point is the private Indian capitalists who supply poor quality rifles to the army. The picture is ready. Many such points together create this big 'nationalist' canvas. Of course, this film cannot be compared with Satyajit Ray, nor with Mrinal Sen, Ritwik Ghatak, Shyam Benegal etc. Data shows that this 300 crore budget film is a blockbuster. He has earned Rs 700 crore in the first week itself! In fact, Modi should have made an emotional appeal to the people to watch the cinema and applaud so that Indian capital can benefit. However, this film 'Jawaan', which is earning huge profits, has done one thing very seriously. This film has raised questions on the system which considers those who ask questions as traitors. Questions have been asked to those who call 'doctors' who provide oxygen to the poor in hospitals as traitors. This is not the fault of director Atlee or Shahrukh Khan, if anyone remembers why Dr Kafeel Khan was put in jail for questioning medical supplies. And during the Corona period, thought provoking questions have been asked about the supply of fake ventilators in Gujarat and other states and who could be the perpetrators of the Tehelka scam and the Rafale deal. These questions force one to think, that in the jails of India And how many innocent people are there. At the end of the film, the hero delivers a dialogue, "We sacrifice our lives for the country, not for people who sell the country like you". After hearing this sentence, if anyone remembers the song 'Aaya Deshvikreta Dekho, Aaya Deshvikreta' written for Prime Minister Modi, then it is not the fault of the audience. Just as 'Pathan' had a political objective, so too does 'Jawan'. Many more meanings can also be derived from the film. Shahrukh openly said at an event in Mumbai, the film was launched on January 26 and released on Krishna Janmashtami. (By the way, heroes are born in prison and destroy evil forces). He has announced another news at the event. His film 'Dinky', about those who flee the country and abroad, will be released this Christmas. If nationalism is essential for India, then it is equally essential for it to be 'inclusive'. If 'Jawan' has created a real problem for anyone, it is for the BJP and the Sangh Parivar and its supporters. After the audience rejected the threats of boycotting the right-wing propaganda machinery and the film became a huge success, BJP spokesperson Gaurav Bhatia has made a ridiculous attempt to make the film about the corruption of the UPA government. Whether the UPA government was corrupt or not is not the issue at this time as the country has been ruled by the BJP with absolute majority for 9 consecutive years. The question is whether the BJP, which accommodated tainted NCP leader Ajit Pawar and has been in power since 2014, is corrupt or not. Inclusivity is at the center of this film. In this, the strong female character is not anyone's slave, she takes decisions herself and implements them. The story of this film creates a feeling of true national unity in the entire country. The life of its hero Vikram Rathod is saved by a tribe of North-East India. Even in violence-hit Manipur, humanity seems to be overcoming hatred. In the last part of the film he sings Ramayya Vastavayya and he also makes space for Telugu nationalism. He even aligned himself with socialist lyricist Shailendra, making room for the provincial language in Indian nationalism! He also recalls the declarations of independence and says that independence is not unknown to Indian nationalism. All this means, this film does not claim to be progressive but it is definitely a faint glimmer of light in a dark cave. Why is the hero's name Vikram Rathod upper caste? A similar question has been asked and it is also correct. A new cycle of change will begin if Kamble or Pasi becomes the hero. But in today's reality, if films inspire the audience to ask some limited questions then it will be a positive step. BJP says if the film 'Jawaan' is about corruption of UPA government then all BJP ruled State governments should do one thing. On the lines of Kashmir Files, The Kerala Story, 'Jawan' should also be shown tax free. BJP governments will be able to get equal reward for this work of national interest. Whether the UPA government was corrupt or not is not the issue at this time as the country has been ruled by the BJP with absolute majority for 9 consecutive years. The question is whether the BJP, which accommodated tainted NCP leader Ajit Pawar and has been in power since 2014, is corrupt or not. Inclusivity is at the center of this film. In this, the strong female character is not anyone's slave, she takes decisions herself and implements them. The story of this film creates a feeling of true national unity in the entire country. The life of its hero Vikram Rathod is saved by a tribe of North-East India. Even in violence-hit Manipur, humanity seems to be overcoming hatred. In the last part of the film he sings Ramayya Vastavayya and he also makes space for Telugu nationalism. He even aligned himself with socialist lyricist Shailendra, making room for the provincial language in Indian nationalism! He also recalls the declarations of independence and says that independence is not unknown to Indian nationalism. All this means, this film does not claim to be progressive but it is definitely a faint glimmer of light in a dark cave. Why is the hero's name Vikram Rathod upper caste? A similar question has been asked and it is also correct.

# स्वच्छता बनाएं रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद- एक अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा , कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के पूर्व दिवस पर प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , संवेदना वेलफेयर सोसायटी , नगर निगम मुरादाबाद किया गया। एक तारीख , एक घण्टा , एक साथ कार्यक्रम में पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ब्रांड एम्बेसडर नगर निगम मुरादाबाद और संस्थापक महासचिव प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट ने संवेदना वेलफेयर सोसायटी के साथ मिलकर सुबह 6 बजे से 7 बजे तक गांधी पार्क कंपनी बाग और सुबह 7 बजे से 8 बजे तक पीलीकोठी चौराहा और फिर 8 बजे से 9 बजे तक गौतम बुध पार्क काशीराम नगर में प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की संरक्षिका और नगर की ब्रांड एम्बेसडर नीतू स्क्सेना , अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल , संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल , ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल , ऑक्सीजन बॉय बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल , एडवोकेट जी पी सिंह , दिनेश कुमार , रमेश , सीमा आदि रहे। इस अवसर पर स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसमे आसपास के दुकानदारों और ठेलो वालों को साथ लिया गया। और 10 बजे से 11बजे तक अटल घाट व रेलवे पुल कटघर रामगंगा नदी किनारे प्रशासन और नगर निगम मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए स्वच्छता अभियान में नोडल अधिकारी , जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी , एडीएम सिटी , नगर आयुक्त , अपर नगर आयुक्त , सहायक नगर आयुक्त , परिवर्तन दी चेंज टीम , एनसीसी कैडेट , एन एस एस स्वमसेवक , स्काउट गाइड , संवेदना वेलफेयर सोसायटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर सिद्धार्थ सेठी , देवराजसिंह , रूपेश , रिजवाना फिरदौस , अभय चौहान , पर्यावरण रामगंगा प्रेमी अमन शर्मा , प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल , संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ब्रांड एम्बेसडर नगर निगम , ऑक्सीजन बॉय बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल , ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर और प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि हमें अपने गली मोहल्ले , पार्क , शहर , प्रदेश , देश को स्वच्छ , सुंदर , स्वस्थ , हरित बनाएं रखने में सहयोगी बनकर सहायक बनना चाहिए। कूड़े कचरे इधर उधर न डालकर सही स्थान कूड़ेदान में डालकर तभी कचरा मुक्त भारत का अपना साकार हो सकेगा। साफ सफाई स्वच्छता बनाएं रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।







# पीएम मोदी के आह्वान पर सफाई अभियान में भाजपा नेताओं ने किया श्रमदान



मुरादाबाद। अगवानपुर के प्राचीन मंदिर परिसर में सफाई करते भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पंडित, अमन ठाकुर , अभिनव गुप्ता, अक्षय गुप्ता, विनोद सैनी आदि। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रविवार को स्वच्छता अभियान में एक घंटे श्रमदान के आह्वान पर भाजपा जिला इकाई और युवा मोर्चा की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर सफाई की गई। जिले के 16 संगठनात्मक मंडलों में सार्वजनिक स्थानों मंदिरों, अमृत सरोवरों आदि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पंडित ने बताया कि युवा मोर्चा की ओर से स्वच्छता अभियान चलाकर बापू के बताए रास्ते पर चलना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, अमन ठाकुर, आकाश, अखिलेश, रोहित, अरूण चौधरी, निखिल पांडे, अक्षय गुप्ता, अभिनव गुप्ता, बंटी ठाकुर, हरिओम चौधरी, रवि सैनी, रचित, अमित, सतेंद्र गडकरी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जागरूकता के दावों पर बट्टा है दहेज प्रताड़ना का दंश, परामर्श केंद्र पर नहीं निपट रहे मामले

मुरादाबाद- महिलाएं दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों में रोज आखों में आंसू और होठों पर प्रताड़ना का दर्द लिए पुलिस स्टेशनों के चक्कर काटती दिख रहीं हैं सरकारी स्तर पर भले ही आधी आबादी को बराबरी का दर्जा देने का दावा है, मगर धरातल पर महिलाएं शोचनीय स्थिति में हैं। जागरूकता के बावजूद दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म जैसी प्रताड़ना झेल रही हैं। अब भी दहेज उत्पीड़न जैसी कुप्रथा का अंत नहीं हुआ है। शादी अमीर बाप की बेटी की हो या गरीब की, पिता हैसियत से अधिक दहेज देकर बेटी को विदा करता है। कुछ मामलों में तो वर पक्ष की ओर से नकद धनराशि, फ्लैट और महंगी कार आदि की मांग जारी है। या यूं कहें कि उपहार के नाम पर बेटी के माता-पिता को दहेजलोभियों द्वारा खूब लूटा जाना जारी है। सामाजिक जागरूकता के दावों के बाद भी दहेज प्रताड़ना के मामलों में कमी नहीं आ रही। महिलाएं दहेज उत्पीड़न जैसे मामलों में रोज आखों में आंसू और होठों पर प्रताड़ना का दर्द लिए पुलिस स्टेशनों के चक्कर काटती दिख रहीं हैं। एसएसपी कार्यालय में रोज औसतन 20 पीड़िताएं दहेज और महिला उत्पीड़न की शिकायत लेकर पहुंच रही हैं। महिला थाना में भी महिलाएं इंसाफ के लिए गुहार लगाने पहुंच रही हैं।




**प्रकरण-1 - पांच लाख और कार के लिए पीटा, घर से निकाला**

कटघर थाना क्षेत्र की पीड़िता ने महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 23 जून 2023 को भोजपुर थाना क्षेत्र में मिलक का पुल सिडलऊ निवासी सोनू के साथ हुआ था। लेकिन, शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह आए दिन उस पर दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद 3 जुलाई को मायके में पीड़िता के साथ घर में घुसकर मारपीट की। महिला थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोनू, कांती देवी, सोनम, विजयपाल सिंह, शिवानी, मोनू और बिचौलिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**प्रकरण-2 - बेटी पैदा होने पर घर से निकाला**

भोजपुर क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला ने महिला थाने में दी तहरीर में बताया कि 2 मई 2021 को उसकी शादी कुंदरकी थाना क्षेत्र में उदयपुर निवासी चंद्र किरन के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने हैसियत के अनुसार करीब 9.20 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन, शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह आए दिन उससे एक लाख की नकदी और कार की मांग कर रहे थे। इसी दौरान उसने एक बेटी को जन्म दिया, जिसके बाद ससुराल वाले उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। 7 जून 2023 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। ससुराल वालों ने उसे मायके में घुसकर पीटा। शिकायत पर पुलिस ने चंद्र किरन, अतर सिंह, राधेश, पप्पू सिंह, मधु, दीपक, काजल, खुशबू आदि के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**आपसी सामंजस्य एवं विश्वास की कमी से बिगड़ रहे रिश्ते**

दहेज उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि की सबसे बड़ी वजह सामंजस्य एवं विश्वास की कमी है। ज्यादातर शादियां आजकल लड़के और लड़कियों की आपसी समझ के आधार पर हो रही हैं। इसमें या तो लड़के की तरफ से झूठ बोला जाता है या लड़की की तरफ से। यह दोनों अपनी बातें छिपाते हैं। फैमिली बैक ग्राउंड से लेकर इतिहास को भी छिपा लेते हैं। बाद में जब मामला खुलता है तो विवाद बढ़ता है। इसके बाद दहेज उत्पीड़न हथियार के रूप में इस्तेमाल होता है। वहीं कुछ मामले ऐसे भी आ रहे हैं जिसमें परिवार रिश्ता तो तय कर देते हैं मगर यह नहीं देखते कि उनका बेटा या बेटी उस परिवार के साथ सामंजस्य बैठा पाएंगे या नहीं। -गीतांजली पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता

**महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होकर लड़नी होगी लड़ाई**

आजकल लोग रिश्तों से ज्यादा रुपयों को अहमियत दे रहे हैं। इससे रिश्तों में दूरियों बढ़ रही हैं। शादी से पहले लड़के वाले उसका मोल भाव करने लगे हैं। बिना दान-दहेज के शादी होना बंद हो गई हैं। जिस बहू को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते है। बाद में बही बहू जब सास बनती है तो वह अपने बेटे की शादी में खूब दहेज की अपेक्षा रखती है। मानवता, संवेदनाएं कम होती जा रही हैं। दहेज उत्पीड़न के मामले बढ़ने का एक कारण नशा भी है। नशे से पुरुषों की सोचने समझने की शक्ति जैसे खत्म हो गई है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। - प्रो.अंजना दास, गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज

**सरकार और पुलिस की मंशा आधी आबादी को उनका हक दिलाने की**

महिला उत्पीड़न के मामलों में पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। महिला थाना हो या परामर्श केंद्र दोनों जगहों पर पहले रिश्तों को टूटने से बचाने की कोशिश की जाती है। पति और पत्नी की काउंसिलिंग की जाती है। लेकिन, कई बार जब मामला ज्यादा बढ़ जाता है तब आरोपियों के खिलाफ पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाती है। सरकार और पुलिस की मंशा आधी आबादी को उनका हक दिलाने की है। उसके लिए अधिकारी पूरी संजीदगी से काम कर रहे हैं।- अर्पित कपूर, सीओ सिविल लाइंस

# केसीएमटी के कैडेट्स व स्वमसेवको ने किया स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रमदान




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के % *कचरा मुक्त भारत% *की परिकल्पना को साकार रूप देने हेतु खंडेलवाल कॉलेज बरेली के एन0सी0सी0 कैडेट्स व एन0 एस0एस0 स्वमसेवियो द्वारा चौकी चौराहे स्थित गांधी जी की प्रतिमा एवं आस पास के स्थानों की प्रात: 10 बजे से एक घंटे तक साफ सफाई कर स्वच्छ्ता श्रमदान में प्रतिभाग किया गया। विद्यार्थियों द्वारा हस्तनिर्मित पेपर के बैग बनाकर लीगो को वितरित कर उनसे प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई ।व सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में सुझाव देते हुए आम-जनमानस को जागरूक कर गांधी जी को स्वच्छांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर महाविद्यालय के महानिदेशक डॉ0 अमरेश कुमार व प्राचार्य डॉ0आर0के0सिंह0 जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि श्रमदान हम सभी का नागरिक कर्तव्य है। हमारा प्रदेश स्वच्छ हो, हम सभी स्वस्थ रहें,इसके लिए हमें स्वच्छता को अपनी आदत बनानी होगी। समस्त कार्यक्रम एन0एस0एस0 अधिकारी सविता सक्सेना, एन0सी0सी0 अधिकारी ले0 रचना , व प्रवक्ता प्रज्ञा के निर्देशन में हुआ।

# रामलीला मैदान में एक महारैली का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह




पुरानी पेंशन की मांग को लेकर अटेवा के तत्वाधान में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में एक महारैली का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व शिक्षकों ने नई पेंशन के विरोध और पुरानी पेंशन की बहाली के लिए हुंकार भरी। जिला कार्यकारिणी अटेवा बरेली के नेतृत्व में ब्लॉक मझगवाँ से 50 से अधिक शिक्षकों ने पूरी ऊर्जा के साथ प्रतिभाग किया तथा महा रैली में दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचकर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाएगी तब तक इस प्रकार के आंदोलन जारी रहेंगे मझगवां ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ललित गंगवार ने बताया कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर सरकार का भेदभावपूर्ण व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुरानी पेंशन हमारा हक है और इसे हम लेकर रहेंगे ब्लॉक मंत्री अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो सरकार पुरानी पेंशन बहाली की बात करेगी वही देश पर राज करेगी ,ब्लॉक के विज्ञान एआरपी होरीलाल ने बताया कि सरकारी कर्मचारी आजीवन सरकार की सेवा करने के उपरांत पुरानी पेंशन का हकदार है बुढ़ापे का एकमात्र सहारा पुरानी पेंशन बहाल होनी ही चाहिए द्य ब्लॉक मझगवां से प्रमुख रूप से एआरपी रेवती नंदन, किशोर कुमार , सूर्यकांत एवं शिक्षक नेता प्रेमपाल ,रवि प्रकाश,ललित मोहन, अमर गौतम ,रविंद्र, नीतू सक्सेना सरोज कुमारी ,प्रियंका, पवन दिवाकर,सुरेंद्र सिंह, दिलीप गंगवार,अजय बाबू शर्मा आदि मौजूद रहेद्य

# हिन्दू जागरण मंच युवाओं को स्वावलंबी बनाने को करेगा हर सम्भव मदद-अरूण कुमार फौजी

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। हिन्दू जागरण मंच केवल धार्मिक बातें ही नहीं करता सामाजिक समरसता, स्वावलंबन,एवं राष्ट्र निर्माण में सदैव आगे रहकर मां भारती के लिए समर्पित है।यह उदगार हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार फौजी ने रविवार को नगर पंचायत रिठौरा के सभागार में व्यक्त करते हुए अपनी युवा देश को समर्पित टीम के बीच रखे।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता के लिए एक घंटे श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे श्री फौजी का नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा एवं उनकी पूरी टीम ने बड़ी ही गर्म जोशी से उनको रामनामी पटका पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर भंडसर, बंजरिया, नवाबगंज सहित तमाम क्षेत्रों से पहुंचे हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने मां भारती की वन्दना कर उन्हें नमन करते हुए स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।इस मौके पर वरूण चौहान, गुलशन बहादुर, सर्वेश सैनी, नागेन्द्र गंगवार, राजीव उर्फ़ लव-कुश साहू,अमरदीप गुप्ता, राहुल गुप्ता, अनिल पटेल, मयंक पाण्डेय, नरेश कश्यप विनोद कश्यप,,पिन्टू गिरि, ओमप्रकाश , सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## रीवा डभौरा ,नगर परिषद डभौरा में बनी दो गौशाला फिर भी मवेशी रोड पर

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा डभौरा आखिर जिम्मेदार कौन जिला कलेक्टर ले एक्शन इस संबंध में नगर परिषद होने के कारण सीएमओ की लाचार व्यवस्था के कारण सभी आवारा मवेशी रोड पर आए दिन हो रहा एक्सीडेंट सभी बातें हवा हवाई गौशाला बना शोपीस काफी दिनों से चल रहा है निर्माण आखिर क्यों नहीं हो रहा है पूरा निर्माण जानबूझकर मवेशियों को मारने के कगार पर छोड़ा गया खुलेआम रोड पर दिन रात मवेशी अपना डेरा जमाए रहते हैं साथ ही नगर परिषद की लाचार व्यवस्था ही कागजों में बनी हैं, गौशाला जवा जनपद अंतर्गत हर एक जगह गौशाला में हुआ लंबा भ्रष्टाचार मवेशियों के साथ क्यों किया जाता है ऐसा गंदा व्यवहार अनजान मवेशी भूसा चारा के खेल पर लाखों का गोलमाल करने वाले सरपंच सचिव एवं नगर परिषद के कर्मचारियों पर क्यों नहीं हो रही है कार्रवाई यह सोचने योग्य बात है शासन की सारी योजनाएं ठप करने में लगे हैं कुछ ऐसे ही कर्मचारी एवं अधिकारी नगर परिसद डभौरा की लचर व्यवस्था आई सामने आखिर क्या कसूर है यह जानवरों का भगवान भरोसे रहते हैं मवेशी करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद गौशाला मे हुआ अधूरा सभी जगह कार्य, फर्जी ढंग से संचालित है कुछ जगह गौशाला जिसकी नियमित जांच होनी चाहिए साथ ही मवेशियों को चारा पानी की व्यवस्थाएं, कराऐ नगर परिषद डभौरा बस्ती जिरौहा पनवार अतरैला लोहगढ छतैनी कोटा घुमन, गौशाला भगवान भरोसे चार भूसा पानी के नाम पर लाखों का गोलमाल खेल किया गया है इसकी उच्च स्तरीय जांच की माग स्थाई लोगों ने जिला कलेक्टर से की है साथ ही जिस क्षेत्र में आवारा मे मावेसी नजर आऐ भी इसी रोड पर तो जहां पर नगर परिषद है वहां पर नगर परिषद के सीएमओ से वसूली की जाए जहां पर ग्राम पंचायत है वहां पर सरपंचों से वसूली की जाए एवं शासन द्वारा जो नियम बनता है उन्हें दंडित किया जाए ऐसी मांग क्षेत्रीय लोगों द्वारा की गई है

## प्राचीन एवम नगर का गौरव शीतलामता मंदिर का जीर्णोद्धार पूरे जोश से प्रगति पर है,समिति ने सभी प्रबुद्ध नागरिकों से सहयोग की अपील की

क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार



आष्टा जिला सीहोर मध्य प्रदेश- नगर का प्राचीन शीतलामाता मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में होकर पुराना हो गया था । नगर के कुछ युवाओं ने इसे जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाया कुछ आर्थिक जनसहयोग से कुछ समिति के सहयोग से पहले पीछे के मकान क्रय किए जगह पर्याप्त मात्रा में बनाई फिर निर्माण कार्य चालू किया। शीतला माता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सोनी मेहतवाड़ा वाले ने हमारे प्रतिनिधि को बताया की अभी तक लगभग 70 लाख का व्यय हो चुका हे समिति के आर्थिक सहयोग से 12 लाख रुपए प्राप्त हुआ है । इंजीनियर राज सोनी जो की अपनी सेवाएं देकर हे उन्होंने बताया की आज जो छत दल रहा है विवाह करीब 2500 वर्गफिट का हे , मुख्य शिखर लगभग 61 फिट का बनेगा जो की पूर्णता आधुनिक होगा,एक छोटा शिखर आगे बनेगा, मंदिर का अभी इसका द्वितीय तल का छत आज भरा जा रहा हे जो 2500 वर्ग फीट का डालेगा,मंदिर की कुल ऊंचाई लगभग 105 फिट विशाल होगी जो दूर से ही नजर आएगी। इतने बड़े निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग जरूरी हे। पूरा प्रोजेक्ट करीब 2 करोड़ के आस पास हे करोना काल के बाद आर्थिक सहयोग के लिए जा नही पाए। समिति ने सभी नगर वासियों से निवेदन किया है की आप स्वयं अपने ईस्ट मित्रो,परिवार के साथ आकर स्वयं निर्माण देखे आकलन कर आर्थिक सहयोग समिति को करे। सभी जानते ही विवाह आदि मोको पर कितनी परेशानी झेलना पड़ती थी यह निर्माण पूरा होने से पर्याप्त स्थान हो जाएगा एवम सभी की माता पूजन व्यवस्थित हो सकेगी। छोटा बड़ा कार्यक्रम भी आप उपर तल पर कर पाएंगे। निर्माण समिति हमेशा आपके सहयोग की अपेक्षा करती हे। हम भी आपके पास आयेंगे। आप स्वयं भी हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम सब का कार्य है,आज छत पूजा में सर्व श्री अध्यक्ष दिनेश सोनी मेहतवाड़ा वाले, गोविंद सोनी नयनतारा, विनोद जसाठी, सुधीर जोशी, राजेंद्र साहू, अशोक साहू, प्रमोद शर्मा,मनोज पाठक, लाली मोटवानी जगदीश राठौर, प्रकाश महल बार, मनोज दादलानी, राकेश सोनी, हरि ओम सोनी, रुपेश सोनी,प्रकाश बोहरा, मनोज सोनी, कन्हैया लाल शर्मा, मनीष नागोरी, उमेश साहू, पुजारी फेम मालवीय, जितेंद्र सोनी, संदीप जैन, राजेश जैन एवं मोहित सोनी उपस्थित रहे।

## शिवपुरी शहर के विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया

क्यूँ न लिखूँ सच
राजकुमार शर्मा ( कटारे )




शिवपुरी। जिला शिवपुरी के विभिन्न स्कूलों में महात्मा गांधी के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु श्रमदान कर कचरा इकट्ठा कर उसका निपटान किया गया, साथ ही लोगों को अपने आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखने हेतु गीला एवं सुखा कचरा के लिए अलग अलग डस्टबिन का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस हेतु शहर में स्वच्छता हेतु विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा 21 वा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ साथ ही वार्ड क्रमांक 1 दोराबाद की नई कार्यकारिणी गठित



क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार

आष्टा- विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल 21 वा सामूहिक श्री हनुमान चालीशा पाठ हुआ साथ ही वार्ड नम्बर 1 दोराबाद की नयी कार्यकारनी गठित हुई जिसमैं दोराबाद अध्यक्ष दीपेश जी ,उपाध्यक्ष विशाल जी मालवीय , उपाध्यक्ष विशाल जी मेवाड़ , मंत्री सोनू जी मालवीय , सयोंजक रवि जी बागवान , सहसयोंजक संदीप जी राजपूत गो रक्षा प्रमुख विशाल जी प्रजापति सह गो रक्षा प्रमुख सुमित जी मेवाड़ सेवा प्रमुख संदीप जी बागवान समरसता प्रमुख दिनेश जी बागवान सत्संग प्रमुख विनोद जी बागवान मठ मांदिर प्रमुख संदीप जी जोशी बल उपासना प्रमुख संजय जी मेवाडा धर्म प्रचार प्रमुख सुमित जी चौहान सह धर्म प्रचार प्रमुख सूरज जी चौहान अर्चक प्रमुख मनीष जी मेवाड़ा को नये दयत्व के साथ सभी को शुभकामनाएँ दी और और हिन्दुत्व को आगे बड़ाने के लिये प्रेडना दी गई साथ ही प्रखंड आष्टा नगर आष्टा एवं दूर्गा वाहिनी के दायित्ववान अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरूद के पेड़ से मृत अवस्था में फांसी के फंदे से लटकता मिला शव



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद कायमगंज के ग्राम मऊ रसीदाबाद के हत्था निवासी सत्य प्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र रामेशवर दयाल उम्र 55 जो रात को अपने केले के बाग में रखवाली करने गया था जब वह सुबह घर नही पहुंचा तो लोगो ने उसके घर वालो को सूचना दी

की वह अमरूद के बाग में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है घर के परिजनों को जैसे ही मालूम चला कोहराम मच गया परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया मौके पर पहुंचे सीओ सोहराब आलम थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल कस्बा चौकी प्रभारी हरिओम त्रिपाठी हल्का इंचार्ज शिव कुमार ने शव का पांचनामा भर के पोस्मार्टम के लिया भेज दिया मृतक के 6 बच्चे है जिसने एक लड़का और पांच पुत्रियां है बड़ा लड़का गौरव उम्र 22 वर्ष पुत्री अंकिता 18 पुत्री प्रयांशी 18 पुत्री प्रयंका 16 पुत्री चांदनी 14पुत्री शिल्पी 10

## आगामी सरकार कांग्रेस की बनेगी और किसान का गेहू 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जावेगा - जीतू पटवारी

क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार




आष्टा- प्रदेश में भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते बढ़ती अराजकता और बेरोजगारी के साथ ही हर जगह भारी भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। प्रदेश की जनता सत्ता में बदलाव देखना चाहती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री की झूठी घोषणाएं तथा किसान और कर्मचारी विरोधी नीतियां उनके गले की हड्डी बन गयी हैं। हाल ही में उज्जैन में हुई बलात्कार की घटना ने बुंदेलखंड से ले कर मालवा निमाड़ तक प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी हैं।

खरीदी हुई यह सरकार स्पष्ट रूप से कमीशनखोरी की सरकार साबित हुई है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रदेश में जनता के रुख को ले कर घबराए हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिग्गज नेताओं को चुनाव में उतारने की रणनीति भाजपा की इसी घबराहट का परिणाम है। भाजपा के नेतागण अपने डिमोशन को लेकर चिंतित हैं यह बात उनके वक्तव्यों से भी झलक रही है। उक्त आशय के उद्गार पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने व्यक्त किए। राज्यसभा सांसद सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अभिभाषक विवेक तन्खा ने कहा कि प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में प्रदेश की सत्ता में बदलाव करेगी। चुनाव अभियान समिति के सह अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर किसानो के गेहूँ 3000 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदे जायेगे। कांग्रेस की नीति प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर नए सिरे से उनके उत्थान और राज्य को समुचित विकास की ओर ले जाने की नीति हैं। हम इसमें कामयाब हो कर दिखाएंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुलदीप इंदौरा ने शिवराज सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को कर्ज के गर्त में डुबाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिवराज सिंह को अब जनता की याद आ रही है जब जनता का उनसे मोह भंग हो चुका हैं। यह सरकार घोटालों की सरकार बन गयी है। तेज तर्रार विधायक और अल्प संख्यको के युवा नेता आरिफ मसूद ने कहा कि हमारा एक मात्र उद्देश्य है कि भारत के सविधान के अतंर्गत देश में राजकाज का संचालन हों परंतु आज दलीय आधार पर शासन व्यवस्था को संचालित किया जा रहा हैं जो कि सविधान सम्मत नही हैं। शनिवार को राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में हुई जन आक्रोश रैली के बाद आज नगर में दिग्गज कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा रहा। रैली के बाद भोपाल जाते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुलदीप इंदौरा तथा विधायक आरिफ मसूद, प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार के किलेरामा स्थित निवास पर पधारे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, राजीव गुजराती, बृजेश पटेल, पूर्व पार्षद शैलेष राठौर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष द्वय नरेन्द्र कुशवाह, राजेन्द्र दरबार, पूर्व पार्षद बाबूलाल मालवीय, पूर्व पार्षद अनिल धनगर, वरिष्ठ एडवोकेट सुरेन्द्रसिंह परमार, युवा इंजीनियर शुभम शर्मा, युवा नेता राज परमार, सुनिल कचनेरिया एडवोकेट, सूर्य प्रकाश परमार, मनमोहन परमार, पूर्व सरपंच मधुसुदन परमार आदि उपस्थित रहे। श्री राहुल गांधी की कालापीपल विधानसभा के पोलाय कलॉ में आयोजित जन आक्रोश सभा के प्रभारी जीतू पटवारी ने कहा कि पोलाय कलॉ में आयोजित सभा में आष्टा क्षेत्र की विशाल उपस्थिति सराहनीय है। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओ की ग्राम किलेरामा में उपस्थिति हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने आभार व्यक्त किया।

## शान्ति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




बंगरा- झाँसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी राजेश एस एवं नगर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत उल्दन थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सघन चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक प्रभाकांत साहू,उपनिरीक्षक वीर सिंह, कॉन्स्टेबल प्रकाश सिंह चौहान, भगवान सिंह ने शान्ति भंग करने पर ग्राम इमलिया व ग्राम बासार से रामसजीवन अहिरवार पुत्र साहब सिंह अहिरवार उर्फ भज्जू निवासी ग्राम इमलिया व उमेश पुत्र राजाराम कुशवाहा निवासी ग्राम बासार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने धारा 151,107,116 सीआरपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

## कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारियों ने 01 घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान कर कलेक्ट्रेट में साफ सफाई की

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद मे 01 अक्टूबर स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति नगर मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर अपर उप जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारियों ने 01 घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान कर कलेक्ट्रेट में साफ सफाई की इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान के साथ ही प्रतिदिन अपने आस पास बेहतर साफ-सफाई रखने हेतु एक तारीख 01 घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान कर% इस अभियान को सफल बनाये जिससे आपके आस पास सफाई तो रहेगी और गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से भी बच सकेंगे इसी के साथ ही मलिन बस्ती एवं आस-पास के मोहल्ले की गलियों में अभियान चलाकर साफ-सफाई की गयी इस अभियान में जनपद स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों व आस पास के लोगों तथा विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सहयोग कर अभियान को सफल बनाया गया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अन्तराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को जिलाधिकारी ने पुष्प माला साल प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया

## राष्ट्र निर्माण यज्ञ में युवाओं की अहम भूमिका है- अंशुल विद्यार्थी

### डॉ मानवेंद्र सिंह सेंगर महानगर अध्यक्ष एवं सुयश शुक्ला बने महानगर मंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की झांसी महानगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी 2023-24 की घोषणा चुनाव अधिकारी डॉ एकता पांडे द्वारा आईएमए सभागार में की गई। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य अभावी कानपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विद्यार्थी ने कहा कि यह समय अमृतकाल वर्ष का है। ऐसे में राष्ट्र निर्माण के लिए चल रही जग में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। अगर हमने अपनी राष्ट्र की संप्रभुता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अक्षुण बनाए रखना है तो हमें शिक्षा के साथ ही सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हो रहे बदलावों के प्रति सजक रहना पड़ेगा। राष्ट्रीय संयोजक एसएफडी राहुल गौड ने सभी नवीन दायित्वधारीयों को शुभकामनाएं दी। नवीन कार्यकारिणी में डॉक्टर मानवेंद्र सिंह शेखर को महानगर अध्यक्ष एवं छात्र सुयश शुक्ला को महानगर मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। महानगर उपाध्यक्ष के रूप में डॉ गिरिजा सिंह, डॉ सौरभ सिंह, डॉ विवेक सिंह, डॉ पुनीत श्रीवास्तव एवं महानगर सहमंत्री के रूप में शिवम राठौड़,डोली, अवनीश, वर्षा मिश्रा, मनीष तिवारी को चयनित किया गया। महानगर कार्यालय मंत्री लव कुश, मीडिया संयोजक राहुल तिवारी, एसएफडी संयोजक रूद्र रावत सह संयोजक रितिक यादव, एसएफएस सहसंयोजक निशांत कुशवाहा, सोशल मीडिया संयोजक संस्कार महाजन, विश्वविद्यालय कार्य संयोजक अंशिता खरे, महानगर शोध प्रमुख डॉ वेद प्रकाश शुक्ला, महानगर शोध संयोजक अंकित, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक काजल ओझा सहसंयोजक उन्नति मिश्रा, प्रतियोगी छात्र कार्य संयोजक त्रिशना, महानगर संपर्क संयोजक मयंक दुबे, एग्री विज़न प्रमुख डॉ प्रभात तिवारी,खेलो भारत गतिविधि प्रमुख त्रिभुवन सिंह, खेल आयाम संयोजक अनिकेत तिवारी सहसंयोजक विकास कुमार, महानगर जिज्ञासा संयोजक जयकुमार शर्मा सहसंयोजक अमन, मैडिविजन कार्य संयोजक उमाकांत परिहार संयोजक अंकित पटेल, महाविद्यालय कार्य संयोजक शिवम, कार्यकारिणी सदस्य विक्की चौबे, सुमित पाल, साक्षी, कप्तान, निखिल साहू, अमित यादव बनाए गए। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष डॉ बृजेश मिश्रा , विभाग संगठन मंत्री ज्ञानेन्द्र, रसकेंद्र ,डॉ चंचल, डॉ संतोषी, डॉ रश्मि सेंगर, डॉ प्रतिमा, डॉ विवेक , शिवा राजे, डॉ अनुराग , डॉ आदित्य, हर्ष कुशवाहा, रोहन खरे ,निशेनंद्र राजपूत, हर्ष शर्मा , राजा यादव, कार्यालय मंत्री संकल्प, लवकुश ,प्रखर, साहिल, गौरव, रितिक , कर्ण, उमाकांत, विनेन्द्र , हिमांशु,चंदन दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिठौरा में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार

रिठौरा। नगर पंचायत रिठौरा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर रविवार को नगर पंचायत कार्यालय, दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय, झलरापीपल, सहित तमाम स्थानों पर सुबह 10से 11बजे तक स्वच्छता के लिए श्रमदान के दौरान पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, चेयरमैन शकुन्तला देवी, प्रतिनिधि अमित गुप्ता, एकता सक्सेना, आशीष कुमार सिंह,धनपाल सिंह, पूर्व वरिष्ठ लिपिक जगदीश गंगवार ,आर 0के 0कश्यप , राहुल साहू, नरेंद्र सिंह,मनोज कश्यप सभासद धर्मेंद्र पटेल, ओमप्रकाश प्रजापति, सत्यवीर सिंह,ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को पूरा करते हुए सफाई करके सच्ची श्रद्धांजलि दी।

# टहरौली में 9 सूत्रीय विकास महायज्ञ 3 अक्टूबर 2023 से भूंख हड़ताल प्रारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

टहरौली (झाँसी) बाबू सिंह यादव पत्रकार समाज सेवी टहरौली के विकास पुरुष ने झाँसी जिले के विकास के लिए सैंकड़ों वार आंदोलन किए। टहरौली क्षेत्र के विकास के लिए हर वर्ष जनमानस की मांगों को लेकर शासन व प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने हेतु गाँधी-वादी विचारधारा को लेकर 3अक्टूबर 2023 से तहसील टहरौली कार्यालय के सामने अपने नवयुवक जाहर सिंह,अमित कुमार,अंकित गौतम, सुरेन्द्र कुमार प्रजापति के साथ भूख हड़ताल शुरू करने जा रहे हैं।




इस जन आन्दोलन मैं जनमानस व सभी राजनैतिक दलों का समर्थन प्राप्त है। इस कार्यक्रम व मांगो को लेकर हरगोविन्द कुशवाहा उपाध्यक्ष अंतराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ (राज्यमंत्री) महोदय का विशेष सहयोग रहता है,प्रदीप जैन भू0पू0 केंद्रीय मंत्री (भारत सरकार) भानुसहाय बुंदेलखंड बनाओ के अध्यक्ष, भू0पू0विधायक प्रागीलाल अहिरवार,भू0पू0विधायक सतिशचन्द्र जतारिया, भू0पू0रतनलाल अहिरवार, आदी नेतागण इस कार्यक्रम में 6 अक्टूबर 2023 को विकास के नाम पर आशीर्वाद देंगे पहुंचकर (कार्यक्रम का समापन कराएंगे) मांग पत्र में, (1)बुंदेलखंड राज्य बनाओ (2)टहरौली गरौठा मऊरानीपुर मिलाकर (टहरौली) झाँसी उ0प्र0को जिला बनाओ। (3)टहरौली खास,टहरौली किला,बमनुआ पंचायतो को मिलाकर (टहरौली )को नगर पंचायत (4) बमनुआ की भूमि नज़678 पर खतौनी में विकासखंड टहरौली के नाम दर्ज करो। 5 )टहरौली खास में खलिहान की भूमि नंबर 867,1153,1183 जो डामरीकरण सड़कों से लगी है जिसका उपयोग खलिहान के लिए नहीं होता है इसलिए उक्त नंबरों को विकास के नाम सार्वजनिक घोषित करें। (6)सार्वजनिक घोषणा के साथ 1182 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टहरौली का नाम दर्ज कर कर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टहरौली का भवन निर्माण में सहयोग प्रदान करें (7)टहरौली खास भूमि नंबर 850 859 860 राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु उच्च शिक्षा विभाग के खतौनी में दर्ज है उसे पर राजकीय महाविद्यालय टहरोली का भवन बनवाने हेतु कार्यवाही करें (8)बुंदेलखंड निधि से टहरौली से झाला तक टहरोली से गाता तक टहरौली से पसराई तक सड़क की मरम्मत व डामरी कारण करवाने हेतु (9)टहरौली खास, टहरौली किला, बमनुआ ग्राम पंचायत की सरकारी सार्वजनिक समस्त भूमि से आअतिक्रमण हटाकर विकास के नाम पर जमीन उपलब्ध कराएं। 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार नई दिल्ली मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ आयुक्त महोदय झाँसी जिलाधिकारी महोदय झाँसी उपजिलाधिकारी टहरौली आदि को डाक रजिस्ट्री द्वारा सूचित कर दिया गया है।

# स्कूल बाउंड्रीवाल बनवाने को मजदूरी करते दिखे छात्र, वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-ब्लॉक शीतलपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुर घनश्याम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है।



उसमें छात्रों को स्कूल की बाउड्रीवाल निर्माण के लिए ईंट ढोहते हुए दिखाया गया है। मामले की जानकारी होने पर एबीएसए अनिल कुमार ने प्रधानाध्यापक को बुलाकर जानकारी ली है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में छात्रों को स्कूल में चल रहे निर्माण कार्य के लिए ईट उठाकर लाते दिखाया गया है। स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएं गांव के ही है। जैसे ही वायरल वीडियो की जानकारी अभिभावकों को लगी। आसपास मौजूद अभिभावक भी स्कूल में पहुंच गए। बताया गया है कि वीडियो में बच्चों को ईंट उठाकर लाते दिखाए जाने पर अभिभावकों ने भी नाराजगी जताई है। वर्तमान में स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य का ही वीडियो वायरल हुआ है। प्राथमिक विद्यालय रामपुर घनश्याम का वीडियो वायरल होने का मामला संज्ञान में है। स्कूल प्रधानाध्यापक श्रीपाल को बुलाकर जानकारी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि वीडियो में दिखाए गए छात्र लंच के समय स्वयं ईट उठाकर इधर से उधर रख रहे हैं। उनसे ऐसा करने के लिए किसी ने नहीं कहा है। प्रधानाध्यापको को हिदायत दी गई है। इस तरह के मामले की पुनरावृति न हो। स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य पूरा होने को है।- -अनिल कुमार, एबीएसए, ब्लॉक शीतलपुर, एटा।

# हरे आम के फलदार वृक्षों के कटान पर नही लग रहा अंकुश



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती आम के हरे 11 पेड़ व 1 गुलर काटे गये जिसमें 8 की परमिट व 4 पेड़ अवैध पेड़ काट डाला। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी हरदत्त नगर गिरंट भगवान सिंह से जानकारी लेने पर बताया की की पेड़ की परमिट थी 4 अवैध काटे गये जिस पर विभागीय कार्यवाही की गयी। वनक्षेत्र हरदत्त नगर गिरंट के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर महाराज नगर निवासी दिनेश कुमार पुत्र सालिक राम ने ठेकेदार नईम के हाथ हरे आम के पेड़ की बिक्री कर दिया जिससे बाग़ से हरे आम के 11 पेड़,1 पेड़ गुलर प्रतिबंधित ठेकेदार ने रातोरात काट लिया।जिसमे दिनेश कुमार से बाग़ में हरीश चंद्र मिश्रा पुत्र सुरेंद्र प्रसाद मिश्र निवासी रमवापुर दखीला शिकारी चौड़ा के हाथ जमीन व एक पेड़ लगा बेच दिया था। जिसकी कीमत 26 हजार 4 सौ बीस रुपये का मूल्यांकन हुआ है। जो बैनामा में दर्ज है। जिसको बाग़ में आम के पेड़ काटते समय उपरोक्त ठेकेदार द्वारा बैनामा में दर्ज आम पेड़ को अवैध रूप चोरी करके काट लिया। जिसकी सूचना वृक्ष के मालिक हरीश चंद्र मिश्रा को हुई और मौक़े पर जाकर देखा पेड़ कटकर पड़ा है। इस संबंध में हरीश चंद्र मिश्रा द्वारा थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दिया और कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के आयोजन सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एंव जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के दिशा-निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमालुद्दीन के द्वारा आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को समय दोपहर 11 बजे आवासीय वृद्धाश्रम कासगंज रोड, एटा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



सचिव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आवासीय वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया तथा सभी वृद्ध लोगों की समस्यायें सुनी गई तथा उनके देखभाल के सारे प्रबंध, खान-पान को लेकर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। वृद्धाश्रम की अधीक्षिका को सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि वद्धजनों के कक्षों में साफ सफाई के विशेष व्यवस्था कराये जाने हेतु अधीक्षिका को निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक दिन कक्षों में फिनायल छिड़काव एवं पौछा लगाया जाना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, एटा द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों का सम्पूर्ण शारीरिक परीक्षण किया गया तथा उनको रोगों सम्बन्धित दवा आदि का भी वितरण किया गया। इस विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के दौरान श्रीमती मिथलेश कुमारी, अधीक्षिका एवं जिला अस्पताल के चिकित्सक अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दी स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी, साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी पहलू, यातायात नियमों का पालन, साईबर क्राईम से बचाव एवं महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जानकारी देने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला ने पुलिस अधिकारियों को दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन चौकी तारा पुलिस के द्वारा ग्राम शिवनगर स्थित मिशन स्कूल में अध्ययनरत स्कूली बालक-बालिकाओं को महिला व बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विषयों तथा साइबर क्राइमों से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारी ने महिला सुरक्षा से जुड़ी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया और उसे कैसे आपरेट किया जाता है उसकी जानकारी दी।

बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए मोबाइल का सदुपयोग, अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करने, बैंक खातों की जानकारी नहीं देने तथा अपने निजी डाटा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने पूछा कि थाना में पुलिस कार्यवाही कैसे रहती है जिस पर उन्हें पुलिस के कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने की समझाईश दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हजारों की संख्या में स्वच्छाग्रहियों ने कांग्रेस का थामा दामन,कमलनाथ को सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

झाँसी- स्वच्छाग्रही महासंघ टीम के द्वारा प्रदेश के हजारों स्वच्छता ग्राहियों के साथ कमलनाथ के आवास पर पहुंचकर कमलनाथ को सौंप ज्ञापन जिसमें जिसमें उनके द्वारा दिया गया आश्वासन कि आप लोगों की मांगे जायज है एवं मैं आप लोगों की मांगों को वचन पत्र में रखूंगा जैसे ही मेरी सरकार बनती है मैं पहली प्राथमिकता आप लोगों को दूंगा एवं स्वच्छाग्रही महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत एवं सचिव वीरेंद्र गोस्वामी एवं स्वच्छाग्रही संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक मिश्रा एवं प्रदेश के हजारों स्वछाग्रहियों ने कमलनाथ जी के आवास पर पहुंचकर अपनी समस्याओं को अवगत कारण एवं उनके द्वारा दिए गए आश्वासन से संतुष्ट हुए एवं बताया गया की प्रदेश के 26000 स्वच्छाग्रही महासंघ टीम के 26000 स्वच्छाग्रही प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियुक्त हैं परंतु मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय एवं भारत के प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को सपनों को पूरा करने का आश्वासन देने वाले प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा 26000 स्वछग्रहियों के समस्या का समाधान नहीं कर सके तो भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को पूरा कैसे कर पाएंगे क्योंकि अगर उनको सपनों को पूरा करना है तो स्वच्छ ग्रहण के समस्याओं को समाधान देना बहुत जरूरी है स्वछग्रहियों ने आज कमलनाथ जी से खुले शब्दों में कहा जो मेरा साथ देगा मैं उसका साथ दूंगा चाहे जो पार्टी हो कमलनाथ के द्वारा दिया गया श्वसन आप चिंता ना करें हम आपके हैं बस सरकार बनने की देरी है और सरकार बनते ही आपकी समस्या का समाधान होगा मैं शिवराज नहीं कमलनाथ बोल रहा हूं मेरा वचन है कि आपकी मांगे जायज है और मैं आपकी मांगों पर विशेष ध्यान दूंगा जिससे संतुष्ट हुए प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत जी एवं प्रदेश टीम के सभी पदाधिकारी गण और मध्य प्रदेश के 26000 स्वच्छाग्रही एवं उनके 5 लाख अभिभावकों की जिम्मेदारी कमलनाथ की है आप चिंता ना करें कमलनाथ का हाथ आपके साथ बस सरकार बनने की देरी है बाकी मांगे आपकी जरूरी है जो स्वच्छता की बात करेगा वही मध्य प्रदेश में राज करेगा जन जन की है यही पुकार स्वच्छता अपनाओ अबकी बार



# पट्टा पहनाकर ईश्वरीय फोटो भेंट कर सम्मानित किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- प्रजापति व्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विघालय स्थान होली हाउस श्रंगार नगर एटा मे मुख्य अतिथि श्रीमती सुधा गुप्ता महोदया नगर पालिका चेयरमैन एटा की अध्यक्षता मे शाकाहार दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे संस्थापक मीना वहन ने रिटायर्ड



ष्ट स्न ह्र शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा को पट्टा पहनाकर ईश्वरीय फोटो भेंट कर सम्मानित किया। रिटायर्ड ष्ट स्न ह्र ने शाकाहार दिवस पर वहुत सुन्दर विचार रखे, उपस्थित सभी भाई बहनों ने काफी प्रशंसा एवं सराहना की। मौके पर माम टापू से आये श्री नागर भाई, व सुरेश भाई, उदघोषक विशाल चतुर्वेदी, मत्स्य विभाग से श्री राजेश कुमार, श्रीमती पूनम, सुनीता, ओमलता, तन्नु, अन्जू व काफी संख्या मे भाई बहन उपस्थित थे।

# वर्दी पर सवाल, अब पुलिस के सामने जुआ होते वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जैथरा क्षेत्र में जिस तरह से जुआ खेलते हुए वीडियो वायरल हो रहे हैं। उसे लेकर थाना पुलिस पर सवाल तो उठ ही रहे थे और एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस भी खड़ी हुई और लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस संग वायरल वीडियो को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसमें पुलिस ने कार्रवाई की थी। हाल में जैथरा क्षेत्र में जुआ खेलने के एक के बाद एक नए वीडियो सामने आ रहे है। पहला वीडियो दो दिन पहले सामने आया है। इसमें एक घर में जुआ चल रहा था। अगले दिन एक ओर वीडियो सामने आया जिसमें कुछ लोग छत पर बैठकर जुआ खेल रहे थे। दोनों ही वीडियो जैथरा क्षेत्र में बताएं गए थे। अब एक ओर वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बड़े से स्थान पर जुआ हो रहा है और उसमें एक दरोगा भी खड़े हुए हैं। यह वीडियो कुछ माह पहले का बताया जा रहा है। इसे लेकर यह भी कहा जा रहा है कि वायरल वीडियो जैथरा क्षेत्र का था और कार्रवाई के लिए अलीगंज की पुलिस पहुंची थी। इसमें पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। जैथरा में एक के बाद एक वायरल हो रहे वीडियो से यह तो तय हो गया है कि यहां पर जमकर जुआ की फड़ लग रही थी। जितने भी वीडियो वायरल हो रहे हैं वह पुराने हैं। अब पुलिस संग वीडियो वायरल हुआ है वह कार्रवाई का वीडियो है जिसमें जुआ पकड़ने की कार्रवाई कराई थी। अगर कहीं कोई जुआ हो रहा है तो वह हमें सूचना दें। सूचना देने वाला का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बाजार में कुछ लोगों के लाठी-डंडे लेकर घूमने की बात कहीं जा रही है वह गलत है। गलत कार्य होगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।- सुधांशु शेखर, सीओ अलीगंज एटा।



# स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत,01 तारीख, 01 घंटा श्रमदान



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वी जयंती के एक दिन पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच क्षेत्र अधिकारी नगर एवं अन्य पुलिस बल सहित मिलकर किया श्रमदान! साथ ही जनपद के समस्त कार्यालयों, थानों, शाखाओं में पुलिस कर्मियों द्वारा वृहद रूप से किया गया श्रमदान! स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वी जयंती के एक दिन पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन पहुंच क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य पुलिस बल सहित मिलकर किया श्रमदान, बापू को दी स्वच्छांजलि! साथ ही जनपद के समस्त कार्यालयों, थानों, शाखाओं में पुलिस कर्मियों द्वारा वृहद रूप से किया गया श्रमदान!

# नशे के अवैध कारोबार पर थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई, 57 हजार रूपये का गांजा जफ्त, 1 गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी क्रम में रविवार को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में गांजा लेकर अम्बिकापुर से वाड्रफनगर की ओर जा रहा है। थाना प्रतापपुर पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर ग्राम गणेशपुर चिटकाबहरा में घेराबंदी कर रफीक मंसूरी पिता सुलेमान गनी उम्र 23 निवासी अम्बिकापुर को पकड़ा जिसके




कब्जे से 3 किलो 800 ग्राम गांजा कीमत करीब 57000 रूपये का जप्त किया है। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, एएसआई मंत्रीराम मिंज, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा व सहदेव राम सक्रिय रहे।

# सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ एक घंटा स्वच्छता श्रमदान में किया गया कार्य



क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

जालौन - एक घंटा स्वच्छता श्रमदान का कार्य मां प्रधानमंत्री महोदय के आदेश अनुसार पूरे भारत में किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छाग्रही साथी अपने सरपंच सचिव रोजगार सहायक के साथ 1 घंटे का श्रमदान कर रहे हैं

और कल 2 अक्टूबर को मा स्वच्छता सर्वेक्षण श्रमदान का कार्य किया जाएगा जिसमें स्वछग्रहियों की समस्याओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रखा जाएगा जिसमें मध्य प्रदेश के 26000 स्वच्छाग्रही अपने समय को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं आज माननीय प्रधानमंत्री महोदय के आदेश अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में एवं प्रत्येक शासकीय संस्थाओं में स्वच्छता श्रमदान का कार्य किया गया जिसमें ग्राम पंचायत सोहरवा के सचिव सुनील मिश्रा रोजगार सहायक योगेश मिश्रा सरपंच रामकृपाल स्वच्छाग्रही आलोक मिश्रा रवि वर्मा रवि आदिवासी उमाशंकर मिश्रा लालू तिवारी रघु नई ददन मुखिया रामाश्रय नई बैरागी आदिवासी एवं ग्राम पंचायत के सभी ग्राम वासी के द्वारा स्वच्छता श्रमदान का कार्य अच्छे से संपन्न किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के सभी लोग उपस्थित रहे एवं हमारे जनपद पंचायत के सीईओ राहुल पांडे एवं बी राजकुमार शुक्ला का इसमें पूर्ण अहम भूमिका निभाई गई जिनके आदेश अनुसार ग्राम पंचायत सोहरवा में एक घंटा स्वच्छता श्रमदान का कार्य संपन्न हुआ जो स्वच्छता की बात करेगा वही मध्य प्रदेश में राज करेगा स्वछग्रहियों ने ठाना है स्वच्छ सोहर्वा बनाना है

# 2 से 8 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह - जनपद न्यायाधीश



क्यूँ न लिखूँ सच
लंकीन प्रसाद वर्मा

